मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील्स

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2008 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–15, अंक–08, अगस्त 2015

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545



**सतीश अग्रवाल**
सी.एम.डी, कामधेनु ग्रुप

## बदलते भारत की बुलंद पहचान है

# कामधेनु

भारत की अग्रणी इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर कंपनी, कामधेनु इस्पात लिमिटेड सच्चे अर्थों में एक भारतीय कंपनी है। भारतीय परंपरा को आत्मसात करके कामधेनु प्रगति और परोपकार के दोहरे दायित्व को निभाते हुये लगातार तरक्की कर रही है। एक सजग और सक्रिय कारपोरेट ईकाई के रूप में कामधेनु भारत में बेहतर गुणवत्ता की निर्माण सामग्रियों को हमेशा उपलब्ध करता रहा है। आविष्कारी तकनीकी विकास को अपनाते हुये कंपनी अंतर्राष्ट्रीय स्तर के उत्पाद का निर्माण कर अपने पोर्टफोलियो में लगातार विस्तार करती आ रही है।

अपने स्थापना के दिनों से आज तक, बेहतरीन गुणवत्ता और बेहतर बाज़ार प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करते हुये कामधेनु भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में महत्वपूर्ण योगदान कर रही है। निर्माण क्षेत्र के सबसे प्रभावी ब्राण्डों में शामिल, कामधेनु उत्पादों का देश भर में मज़बूत डीलर नेटवर्क मौजूद है। टीएमटी रिबार, स्ट्रक्चरल स्टील, कलर कोटेड शीट्स, पेंट्स, पीवीसी पाइप, प्लाइवुड, सरीखे कई बेहतरीन एवं प्रभावशाली उत्पाद श्रृंखला को भारतीय बाज़ार में उपलब्ध कराते हुये कामधेनु इस्पात लिमिटेड भारत में तेज औद्योगिकीकरण का माहौल बनाने में लगातार अपनी भूमिका निभा रहा है।

90 के दशक में जब भारतीय अर्थव्यवस्था में नीतिगत बदलाव हो रहे थे और भारत में विश्व बाजार के दरवाजे खोले जा रहे थे, उस दौर में कामधेनु इस्पात लिमिटेड की नींव पड़ी थी। तब से अब तक के दो दशक लंबे सफर में कंपनी लगातार आगे बढ़ती रही है और तरक्की करती रही है। अन्य स्थापित भारतीय कंपनियों और बड़े ग्लोबल ब्रैण्ड्स को चुनौती पेश करते हुये उत्कृष्ट क्वालिटी और अच्छी सर्विस के दम पर कामधेनु ने देश भर के बाज़ारों में अपनी मज़बूत पहचान दर्ज किया है और आज वह भारत की सबसे अधिक बिकने वाला टीएमटी रिबार ब्रैण्ड बन चुका है। कंपनी की इस सफलता का श्रेय कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल अपनी पूरी टीम को देते हैं।

कामधेनु के लिये भारतीय बाज़ार में उपलब्ध अवसर की व्याख्या करते हुये श्री सतीश अग्रवाल के बताया, ''अपनी बेहतर क्वालिटी, जबरदस्त ब्रैण्ड इक्विटी और वाज़िब कीमत के कारण कामधेनु उत्पाद देश के हर महत्वपूर्ण मार्केट में बड़ी बाज़ार हिस्सेदारी प्राप्त करने में सफल हो रहे हैं। यह उपलब्धि इसलिये भी खास मानी जानी चाहिये क्योंकि भारत विविधताओं से भरा देश है, यहाँ विभिन्न क्षेत्रों में रहने उपभोक्ताओं की पसंद और रूझान काफी अलग–अलग हैं। पर देश के कोने–कोने के उपभोक्ताओं का भरोसा जीत कर कामधेनु उत्पाद सच में भारत की एनेकता में एकता की एक मिसाल बन गये हैं।''

भारत के विभिन्न राज्यों के अंदर स्टील उत्पादन कर रहे 50 से अधिक कंपनियों को अनूठे फ्रैंचाइजी बिजनेस मॉडल के अंतर्गत बेहतर तकनीकी क्षमता और कुशल प्रशिक्षण देकर कामधेनु ने भारतीय निर्माण सामग्री के बाज़ार में क्रांतिकारी विकास किया है। कामधेनु के इस क़दम से देश के कोने–कोने में मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा मिला है और देश के आर्थिक विकास के साथ नौजवानों के लिये रोज़गार के अवसर भी पैदा हो रहे हैं। कंपनी के साथ–साथ देश के विकास को भी प्राथमिकता देने वाले कामधेनु सीएमडी, श्री सतीश अग्रवाल के अनुसार, ''भारत की आज़ादी के 68 वर्ष पूरे हो चुके हैं और आज देश विकासशील देश से विकसित देश बनने की दिशा में क़दम बढ़ा रहा है। कामधेनु अपनी पूरी क्षमता से देश की तरक्की में अपना योगदान देने के लिए तैयार हैं।''

विगत कई वर्षो से दुनिया भर में सुस्त रफ्तार से चल रही अर्थव्यस्था के बीच भारत के आर्थिक तरक्की की गति भी धीमी रही है। इसके प्रभाव में भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में भी मंदी रही। पिछले वर्ष से नई सरकार की तेज़ी से लिये गये नीतिगत निर्णयों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार के लक्षण दिखने लगे हैं। अर्थव्यवस्था में आ रहे सकारात्मक बदलावों के बारे चर्चा करते हुये श्री सतीश अग्रवाल ने कहा, ''आज अगर हम पीछे मुड़ कर देखें तो पायेंगे कि 68 साल में प्रगति के पथ पर हम काफी आगे आ पहुँचे हैं। वर्तमान सरकार द्वारा औद्योगीकरण पर बल देते हुये निवेश समर्थक नीतियों को लागू किया जा रहा है जिससे देश में अभूतपूर्व के विकास की संभावना बन रही है। मैं कामधेनु के सभी निवेशकों, चैनल पार्टनर्स, बिजनेस एसोसिएट्स, पदाधिकारियों और उपभोक्ता को ये यक़ीन दिलाना चाहता हूँ कि, कामधेनु इन सकारात्मक नीतियों से पैदा हो रहे अवसर का पूरा लाभ उठाते हुये तरक्की की नई ऊँचाई छूने को तैयार है।''

# प्रधानमंत्री मोदी का यूएई दौरा



लाल किले पर तिरंगा फहराने के अगले ही दिन भारतीय प्रधानमंत्री का अबूधाबी और दुबई के दौरे पर जाना अरब की धरती पर भारत का परचम लहराने जैसा एक खास क़दम था। इस दो दिवसीय यात्रा ने भारतीय हित में कई बड़े पहल किये हैं। अबूधाबी में मंदिर बनाने के लिये ज़मीन का मिलना इस्लामिक देशों में भारतीय जीवन पद्धति, उपासना विधि और संस्कृति को स्वीकार्यता दिलाने की दिशा में एक ठोस शुरूआत माना जा सकता है। जानकार लोग इस क़दम को अरब देशों में बसने वाले भारतीय मूल के लाखों लोगों की परंपरा को पहचान मिलने का प्रतीक मान रहे हैं।

यात्रा के दूसरे दिन दुबई में 50 हज़ार जोश से भरे श्रोताओं को संबोधित करते हुये प्रधानमंत्री मोदी जी ने अपने 70 मिनट के भाषण में भारत की सुधरती अर्थव्यवस्था की बात की। उन्होंने पड़ोसी देशों से अच्छे संबंध बनाने की दिशा में भारत के पहल को रेखांकित किया और आतंकवाद के पुरज़ोर विरोध की प्रतिबद्धता जताई। दुबई और भारत के अधिकारिक संयुक्त वकतव्य में भी आतंकवाद को ख़त्म करने की प्रतिबद्धता दर्शाई गयी।

कई रक्षा विशेषज्ञ दुबई दौरे को आतंकी दाउद इब्राहिम के पर कतरने की दिशा में प्रधानमंत्री मोदी जी के मास्टर स्ट्रोक के रूप में भी देख रहे हैं। दुबई के साथ बेहतर द्विपक्षीय समझौतों के द्वारा भारत को संगठित अपराध और माफिया पर नकेल लगाने में भी मदद मिलेगी।

# बिहार विधानसभा चुनाव के मायने




बिहार विधानसभा चुनावों के दस्तक के बीच पिछले महीनों में राज्य में राजनैतिक समीकरण तेज़ी से बदले हैं। जहाँ पिछली विधानसभा चुनावों में गठबंधन के तौर पर चुनी गई भाजपा और जदयू इस बार एक दूसरे के धुर विरोधी हैं। वहीं दो दशकों से लालू विरोध की राजनीति करने वाले श्री नीतिश कुमार इस बार श्री लालू यादव की पार्टी के साथ मिल कर चुनावी मुक़ाबला करने उतरे हैं। इन बदले समीकरणों से जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं के बीच उहापोह की स्थिति पैदा हुई है और दल–बदलने की भी घटनायें लगातार हो रही हैं।

जदयू, राजद और कॉग्रेस के गठबंधन ने मुख्यमंत्री पद के दावेदार के रूप में श्री नीतिश कुमार के नाम की घोषणा कर दी है। वहीं भाजपा गठबंधन अंतर्कलह के डर से अपना मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। देखना है कि 10 साल से सरकार चला रही जदयू के प्रशासन के पक्ष में बिहार की जनता फैसला करती है या लोकसभा चुनाव की तरह ही बिहार में प्रधानमंत्री मोदी जी का जादू बरकरार रहता है।

वैसे राजद और कांग्रेस से पहले ही सीटों का बटवारा कर श्री नीतिश कुमार ने अपने गठबंधन में सीटों की अनिश्चिता को ख़त्म करते हुए, राज्य भाजपा नेतृत्व को जल्द ही अपनी चुनावी रणनीति को तैयार करने के लिए मजबूर कर दिया हैं। ऐसे में राज्य की जनता को यह चिन्ता है कि अगर श्री नीतिश कुमार दोबारा सरकार बनायेंगे भी तो  क्या वह सरकार राज्य में सुशासन को दोबारा स्थापित कर पाएगी।

# आतंकवाद के निशाने पर कश्मीर

पिछले महीने रूस के उफा में प्रधानमंत्री मोदी जी और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ के बीच की भेंट के बाद से ही पाकिस्तान की ओर हो रही आतंकवादी गतिविधियों में तेज़ी देखने को मिल रही है। पहले भी भारत के शांति प्रयासों को असफल करने के लिये पाक सेना और पाक स्थित आतंकी हिंसक वारदातों को तेज़ करने की रणनीति अपनाते रहे हैं।

लगातार पाकिस्तान द्वारा कश्मीर में सीमा एवं नियंत्रण रेखा पर सीज़फायर का उल्लंघन किया जा रहा है। लगातार हो रही गोली बारी में बहादुर सैनिकों के साथ–साथ सीमावर्ती गॉवों के बेकसूर लोग भी मारे जा रहे हैं। उधर गोलीबारी का फ़ायदा उठाकर सीमा पार से आतंकवादी भारतीय इलाक़े में घुसपैठ कर ख़ूनी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। साथ ही राज्य में सक्रिय आतंकवादी शक्तियॉ मासूम नौजवानों को हिंसक प्रदर्शन और बलवा के लिये उकसा रहे हैं।

ये सही है कि कश्मीर घाटी के कुछ भटके हुये नौजवान आई एस का झंडा लहराने जैसी देशविरोधी हरक़त कर रहे हैं। पर हमें यह भी नहीं भूलना चाहिये कि पाकिस्तानी आतंकी नावेद को राज्य की बहादुर और देशभक्त जनता ने ही पकड़ कर पुलिस के हवाले किया था। पुलिस और सेना को धैर्य और सूझबूझ से काम लेते हुये कश्मीर में हालात को बिगड़ने से रोकना चाहिये।



# जम्मू में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम

भारत का नम्बर 1 टीएमटी रिबार ब्रैण्ड, कामधेनु के विभिन्न उत्पाद पूरे देश के उपभोक्ताओं द्वारा सराहे जाते हैं। आज देश के कोने–कोने में हो रहे लाखों निर्माण परियोजनाओं में कामधेनु टीएमटी उत्पाद का प्रयोग किया जा रहा है। बेहतरीन मज़बूती, बेंडेबिलीटी और वेल्डिबिलीटी के लिये प्रसिद्ध कामधेनु टीएमटी रिबार अधिकांश इंजीनियर एवं आर्किटेक्ट की पहली पसंद हैं। रिहायशी मकान हों या ढाँचागत परियोजनायें, कामधेनु टीएमटी रिबार अपनी बेहतर भूकंपरोधी क्षमता की वज़ह से हर प्रकार के निर्माण को सदियों के लिये सुरक्षा देता है।

हर किसी के लिये सुरक्षित निर्माण को सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध कामधेनु निर्माणकर्मियों की जागरूकता की दिशा में हमेशा प्रयासरत रहता है ताकि निर्माण क्षेत्र से जुड़े लोग बेहतर गुणवत्ता के उत्पादों का ही उपयोग करें। कामधेनु का मानना है कि अगर निर्माणकर्मी को बेहतर गुणवत्ता की निर्माण सामग्री की नवीनतम जानकारी दी जाये तो आम जनता के लिये सुरक्षित और मज़बूत मकान बनेंगे। इसी उद्येश्य से निर्माणकर्मियों को उच्चस्तरीय कामधेनु उत्पादों से अवगत कराने हेतु कामधेनु का मार्केटिंग डिविजन नियमित तौर पर उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करता आ रहा है।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड द्वारा इन उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रमों के तहत निर्माणकर्मियों को बैठक में आमंत्रित कर उन्हें कंपनी से संबंधित जानकारी, कामधेनु उत्पादों से जुड़ी जानकारी एवं कामधेनु उत्पादों की विशेषताओं की जानकारी दी जाती है। जम्मू के सांबा में इसी प्रकार की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सांबा औा समीनवर्ती क्षेत्र के 65 से अधिक राजमिस्त्रियों ने हिस्सा लिया। स्थानीय कामधेनु डीलर मेसर्स भारत सीमेंट स्टोर, सांबा के सहयोग से आयोजित इस मैसन मीट में कंपनी के सीनियर मैनेजर मार्केटिंग श्री कृष्ण धर, क्वालिटी इंचार्ज श्री सोहन लाल सहित कई पदाधिकारी भी शामिल हुये। लाइसेंस यूज़र एग्रीमेंट के तहत राज्य में कामधेमु टीएमटी की निर्माता कम्पनी मेसर्स विजय स्टील इंडस्ट्रीज़ के श्री संजय अबरोल ने भी कार्यक्रम में शिरकत किया।

कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत करते हुये कामधेनु के सीनियर मैनेजर मार्केटिंग श्री कृष्ण धर ने उपस्थित राजमिस्त्रियों को संबोधित किया। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के इतिहास और देशभर में कंपनी की लगातार बढ़ रही साख के बारे में बताते हुये श्री कृष्ण धर ने कहा, ''अपनी गुणवत्ता की वज़ह से कामधेनु आज भारत में सबसे अधिक बिकने वाला टीएमटी रिबार है। देश भर के निर्माणकर्मी ब्रैण्ड कामधेनु का भरोसे के साथ इस्तेमाल करते हैं।''

इसके बाद कामधेनु उत्पादों की गुणवत्ता मानकों और तकनीक पर प्रकाश डालते हुये कामधेनु के क्वालिटी इंचार्ज श्री सोहन लाल ने कहा, ''कामधेनु टीएमटी रिबार की गुणवत्ता के प्रति कंपनी सजग और समर्पित है। कामधेनु टीएमटी रिबार का उत्पादन भारतीय मानक ब्यूरो के गुणवत्ता मानदंड के आधार पर आधुनिक तकनीक द्वारा किया जाता है।'' कामधेनु उत्पादों की निर्माण तकनीक और गुणवत्ता से संबंधित उपस्थित राजमिस्त्रियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का श्री सोहन लाल ने अच्छी तरह से समझा कर जवाब दिया।

सीनियर एक्जेक्यूटिव मार्केटिंग श्री आशीष राजदान एवं स्थानीय कामधेनु डीलर मेसर्स भारत सीमेंट स्टोर, सांबा के श्री संजय महाजन ने उपस्थित राजमिस्त्रियों को जम्मू में उपलब्ध विभिन्न कामधेनु उत्पादों की जानकारी दी। कार्यक्रम में शिरकत करने वाले राजमिस्त्रियों ने आयोजन की सराहना करते हुये कामधेनु टीएमटी के उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित राजमिस्त्रियों को उपहार प्रदान किये गये।







**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

ओम प्रकाश चौधरी
**मैसर्स चौधरी हार्डवेयर**
नवलगढ़, झुंझुनू
मो. 09414742931

त्रिलोक जिन्दल
**मैसर्स शिव ज्योति ट्रेडर्स**
हनुमानगढ़ जंक्शन
मो. 08963020838

अक्षय कुमार बहेरा
**मैसर्स भागबती आयरन स्टोर**
दुर्गा बाजार, पो.ओ. दसपल्ला
नयागढ़, ओड़िशा
मो.: 09439492009

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Production Date: 26.08.2015



# बिहार में डीलर मीट

**भारत का नम्बर 1 टीएमटी रिबार ब्राण्ड,** कामधेनु की बाज़ार हिस्सेदारी बिहार में भी लगातार बढ़ती जा रही है। बिहार के उपभोक्ता कामधेनु उत्पादों की गुणवत्ता पर पूरा भरोसा करते हैं और इसीलिये राज्य भर में कामधेनु टीएमटी की माँग लगातार उछाल पर है। इस बढ़ती हुई माँग को देखते हुये कामधेनु के चैनल पार्टनर्स पूरे जोश के साथ उपभोक्ताओं को बेहतर से बेहतर सेवा देने की दिशा में परिश्रम कर रहे हैं।

बेगूसराय, मधेपुरा, भागलपुर एवं खगड़िया ज़िलों के चैनल पार्टनर्स को कंपनी के प्रति उनके उल्लेखनीय सहयोग हेतु पुरस्कृत व प्रोत्साहित करने के उद्येश्य से 19 जुलाई 2015 को पटना के होटल चाणक्या में एक रीजनल डीलर्स मीट का आयोजन किया गया। इस क्षेत्र के कामधेनु डिस्ट्रीब्यूटर मेसर्स राधिका इंटरप्राइज़ेज, पटना के सक्रिय सहयोग से आयोजित इस भव्य समारोह में चारों ज़िले से 150 से अधिक डीलरबंधु शामिल हुये। कामधेनु डिस्ट्रीब्यूटर श्री बासु सर्राफ के साथ–साथ कामधेनु सुपर डीलर्स श्री गुप्ता, श्री गोयनका एवं श्री प्रदीप ने उत्साहपूर्वक बैठक में भाग लिया।




कामधेनु का प्रतिनिधित्व करते हुये कंपनी के जीएम मार्केटिंग श्री वाई आर पंडिता आयोजन में मौजूद रहे। राज्य में लाइसेंस के तहत कामधेनु टीएमटी की निर्माता कंपनी, दादीजी स्टील लि. के निदेशक श्री शिशिर अग्रवाल ने भी इस डीलर्स मीट में शिरकत की। बैठक के दौरान नए ब्रांच के लॉच का कार्यक्रम हुआ। इसके बाद कई तरक के मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। चार ज़िलों के सभी चैनल पार्टनर्स के साथ भविष्य की बाज़ार रणनीतियों पर सफल चर्चा करने के बाद हँसी–खुशी के माहौल में बैठक का समापन हुआ।

# मुजफ्फरपुर (बिहार) में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम

देश में सबसे अधिक बिकने वाले कामधेनु टीएमटी उत्पाद उपभोक्ताओं के लिये मज़बूती और गुणवत्ता का प्रतीक बन चुके हैं। इन बेहतरीन कामधेनु उत्पादों के बारे में निर्माण क्षेत्र से जुड़े लोगों में जानकारी को और अधिक बढ़ाने के उद्येश्य से कंपनी नियमित रूप से उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। हाल ही में बिहार के मुज़फ्फरपुर ज़िले के बड़कागॉव में इसी प्रकार के उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के क्षेत्र के 150 से अधिक राजमिस्त्रियों ने हिस्सा लिया।

सीनीय कामधेनु डीलर मेसर्स शक्ति हार्डवेयर, बड़कागॉव के प्रोपराइटर श्री संजीत जायसवाल ने इस ग्रैण्ड मैसन मीट के आयोजन में सराहनीय भूमिका निभाई। लाइसेंस के तहत राज्य में कामधेनु टीएमटी की निर्माता क पनी दादीजी स्टील्स लिमिटेड के पदाधिकारी श्री अखिलेश सिंह व श्री किशन कुमार भी बैठक में उपस्थित रहे। स्थानीय डिस्ट्रीब्यूटर मेसर्स शुभम एसोसिएट्स के प्रोपराइटर श्री वैभव टिकामानी के नेतृत्व में इस मैसन मीट का सफल आयोजन संपन्न हुआ।

श्री वैभव टिकामानी ने उपस्थित ठेकेदारों और राजमिस्त्रियों को कामधेनु उत्पादों की बेमिसाल गुणवत्ता के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान राजमिस्त्रियों ने कामधेनु उत्पादों की निर्माण तकनीक और गुणवत्ता से जुड़े कई सवाल पूछे जिनका कंपनी के अधिकारियों ने अच्छी तरह समझा कर उत्तर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय डीलर श्री संजीत जायसवाल ने कामधेनु उत्पादों की पहुँच और उपलब्धता के बारे में जानकारी दी। सभी उपस्थित ठेकेदारों और राजमिस्त्रियों ने कार्यक्रम को बहुत ही उपयोगी बताया और भविष्य में बेहतर निर्माण के लिये कामधेनु उत्पाद ही अपनाने की इच्छा जताई।







Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com